# 11998 - औलिया की क़ब्रों पर अमानतें रखना ताकि वे उनकी रक्षा करें

**प्रश्न**

कुछ लोग अपनी अमानतों और आवश्यक वस्तुओं को औलिया की क़ब्रों पर रखते हैं, यह सोचकर कि वे उनकी रखवाली करेंगे। अत: न उनकी चोरी होगी, न कोई उन्हें लूटेगा और न हड़पेगा।

**विस्तृत उत्तर**

हर प्रकार की प्रशंसा और गुणगान केवल अल्लाह तआला के लिए योग्य है।.

यह मान्यता रखना कि मृतक उन अमानतों (सामानों) की रखवाली (रक्षा) करते हैं जो उनकी क़ब्रों पर रखी जाती हैं, स्पष्ट कुफ़्र और अल्लाह की रुबूबियत (प्रभुत्व) में शिर्क (अर्थात उसके एकमात्र पालनहार होने में किसी अन्य को शामिल करना) है, जो इसी स्थिति पर मर जाने वाले व्यक्ति को अनंत काल तक नरक में रहने का पात्र बना देता है। संरक्षण के लिए अथवा बरकत (आशीर्वाद) प्राप्त करने हेतु अमानतों या अन्य चीजों को क़ब्रों पर रखना जायज़ नहीं है। और अल्लाह तआला ही सबसे अधिक ज्ञान रखता है।

और अल्लाह ही तौफ़ीक़ प्रदान करने वाला है। तथा अल्लाह तआला हमारे पैगंबर मुहम्मद और उनके परिवार और साथियों पर दया और शांति अवतरित करे।